भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2771
उत्तर देने की तारीख-12/08/2026

राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय पहल के अंतर्गत उच्च शिक्षा तक पहुंच

2771 **श्री अनिल कुमार यादव मंदादी:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ग्रामीण, दूरस्थ तथा जनजातीय गांवों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय पहल के अंतर्गत उच्च शिक्षा सुलभ हो पा रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या ग्रामीण, दूरस्थ तथा जनजातीय गांवों से संबंधित वे विद्यार्थी, जो राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय पहल के अंतर्गत उच्च शिक्षा ग्रहण करते हैं तथा पूर्ण करते हैं, अपनी पसंद के पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात लाभप्रद रोजगार प्राप्त कर पा रहे हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ङ): भारत सरकार ने शिक्षार्थी-केंद्रित और प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षा को सुदृढ़ करने की दृष्टि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 तैयार की है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, सरकार ने सभी छात्रों के लिए लोचशील शिक्षा प्रदान करने हेतु एक डिजिटल विश्वविद्यालय मंच की स्थापना की परिकल्पना की है।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के तहत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) ने ग्रामीण, दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों सहित शिक्षार्थियों के लिए डिजिटल सीखने के अवसरों तक पहुंच की सुविधा हेतु अक्टूबर 2025 में "एनआईईएलआईटी डिजिटल यूनिवर्सिटी (एनडीयू) प्लेटफॉर्म" शुरू किया। एनडीयू उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग,

उद्योग 4.0 और अन्य अग्रणी क्षेत्र में ऑनलाइन और मिश्रित, कौशल-आधारित पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

एनडीयू प्लेटफॉर्म 2.70 लाख से अधिक पंजीकरणों के साथ देश के 750 से अधिक जिलों के शिक्षार्थियों तक पहुंच गया है, और वर्तमान में विभिन्न विषयों में 100 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म शिक्षार्थियों को नाइलिट एलुमनी-कम-प्लेसमेंट पोर्टल पर पंजीकरण करने का विकल्प भी प्रदान करता है, जिससे वे रोजगार के अवसरों और परामर्श सुविधाओं ले सकते हैं। अक्टूबर 2025 से, 35,000 से अधिक शिक्षार्थियों और 190 से अधिक भर्तीकर्ताओं ने एलुमनी पोर्टल पर पंजीकरण किया है।

इसके अतिरिक्त, एनईपी 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप, शिक्षा मंत्रालय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा मिशन (एनएमईआईसीटी) योजना को कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना में शिक्षा की सभी प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है।

उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करने और शिक्षार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए, एनएमईआईसीटी योजना के तहत स्वयम प्लस प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है। यह प्लेटफ़ॉर्म 500 से अधिक रोजगार-केंद्रित पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इन पाठ्यक्रमों को सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर विनिर्माण और उन्नत विनिर्माण आदि सहित 15 क्षेत्रों में 80 से अधिक उद्योग भागीदारों से तैयार किया गया है। अब तक, 6 लाख से अधिक शिक्षार्थियों ने अपने कौशल संवर्धन के लिए स्वयम प्लस प्लेटफॉर्म पर नामांकन किया है।

*****